# सीजफायर के बाद जश्न में डूबा ईरान

## ईरान की सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल ने इसे ईरान की जीत बताया

**तेहरान, 8 अप्रैल. ईरान की राजधानी तेहरान की सड़कों पर दो हफ्ते के सीजफायर की घोषणा के बाद जश्न का माहौल देखने को मिल रहा है। लोग झंडे लेकर सड़कों पर उतरे और लंबे समय से जारी तनाव, संघर्ष और हमलों के बीच राहत का अनुभव कर रहे हैं.**



शहर के कई इलाकों में लोग एक-दूसरे को गले लगा रहे थे और खुशी जता रहे थे। इसके बावजूद, कुछ विरोधी प्रदर्शनकारी अमेरिका, इज़राइल और समझौते के खिलाफ नारों के साथ विरोध दर्ज करा रहे थे।


उन्होंने अमेरिकी और इज़राइल के झंडे जलाए और नारे लगाए कि समझौते करने वालों को नाश मिलना चाहिए. ईरान की सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल ने इसे ईरान की जीत बताया, वहीं व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी ने कहा कि अमेरिका की सैन्य ताकत ने ईरान को होर्मुज स्ट्रेट खोलने के लिए राजी किया.

> भारत सहित कई देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने इस कदम का स्वागत करते हुए इसे पश्चिम एशिया में शांति की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया है। संयुक्त राष्ट्र ने नागरिकों की सुरक्षा के लिए संघर्ष विराम को आवश्यक बताया है. फ्रांस, स्पेन, ऑस्ट्रेलिया और अन्य देशों के नेताओं ने भी इसे सकारात्मक कदम बताते हुए तनाव कम करने और दीर्घकालिक समाधान की जरूरत पर जोर दिया है.

# मुद्रा योजना से आत्मनिर्भर हो रहा भारत

- आर्थिक गतिविधियों को मिलेगा बढ़ावा : पीएम
- मोदी ने धर्म के प्रति प्रतिबद्धता पर दिया जोर

**नई दिल्ली, 8 अप्रैल. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के 11 वर्ष पूरे होने पर कहा कि इस योजना ने युवाओं में स्वरोजगार को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है.**



मोदी ने सोशल मीडिया मंच पर अपने संदेश में कहा कि 11 वर्ष पहले शुरू की गई यह योजना युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में बेहद लाभकारी सिद्ध हुई है। वर्ष 2015 में शुरू की गयी प्रधानमंत्री मुद्रा योजना का उद्देश्य सूक्ष्म और लघु उद्यमों को बिना गारंटी ऋण उपलब्ध कराना है, विशेषकर नए उद्यमियों और छोटे व्यवसायियों को ध्यान में रखते हुए. पीएम मोदी ने कहा कि इस योजना की सफलता इस बात का प्रमाण है कि सही अवसर मिलने पर लोग आत्मनिर्भर बन सकते हैं और देश के विकास में योगदान दे सकते हैं। उन्होंने अपने संदेश में एक संस्कृत श्लोक भी साझा करते हुए आत्मज्ञान, पहल, धैर्य और धर्म के प्रति प्रतिबद्धता के महत्व पर जोर दिया.

सरकारी अधिकारियों के अनुसार, इस योजना ने लाखों छोटे उद्यमियों को औपचारिक वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई है, जिससे अनौपचारिक उधारी पर निर्भरता कम हुई है और जमीनी स्तर पर आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिला है। प्रधानमंत्री की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब सरकार आत्मनिर्भरता और उद्यमिता को देश की आर्थिक प्रगति के प्रमुख आधार के रूप में आगे बढ़ा रही है.

## मथुरा समेत कई जिलो में बेमौसम बारिश

**लखनऊ, 8 अप्रैल.** उत्तर प्रदेश के मथुरा समेत कई जिलो में बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया. इसी तबाही के बीच एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां अपनी बर्बाद फसल को देखकर एक किसान को दिल का दौरा पड़ गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई. लगातार बारिश के कारण खेतों में कटी पड़ी फसल में अंकुर निकल आए थे, बालियां सड़ने लगी थीं और दाने काले पड़ गए थे। यह नुकसान देखकर वह गहरे सदमे में आ गए और अचानक गिर पड़े। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। क्षेत्र में पिछले कई दिनों से हो रही बारिश और ओलावृष्टि ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। अधिकांश किसानों की फसल खराब हो चुकी है.

# मल्लिकार्जुन खरगे ने गुजरात पर दिए बयान पर जताया खेद

**नई दिल्ली 8 अप्रैल. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने गुजरात के लोगों के संबंध में दिये गये अपने विवादित बयान पर खेद व्यक्त किया है। श्री खरगे ने बुधवार को सोशल मीडिया पर सफाई देते हुए कहा कि उनके केरल में दिये गये चुनावी भाषण की कुछ बातों को जानबूझकर गलत तरीके से पेश किया गया है.**

उन्होंने लिखा कि वह अपनी ओर से जिम्मेदारी लेते हुए इस पर खेद व्यक्त करते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि गुजरात के लोगों के प्रति उनके मन में हमेशा सर्वोच्च सम्मान रहा है और आगे भी रहेगा। किसी की भावनाओं को आहत करना उनका उद्देश्य कभी नहीं था।



गौरतलब है कि केरल विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा था कि गुजरात के लोग %अशिक्षित% हैं और नरेंद्र मोदी उन्हें आसानी से गुमराह कर सकते हैं, जबकि केरल के लोग अधिक शिक्षित और समझदार हैं। इस बयान के बाद गुजरात और दिल्ली समेत कई जगहों पर कांग्रेस के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हुये हैं.

## आज का इतिहास

1667- पेरिस में पहली पब्लिक आर्ट प्रदर्शनी लगाई गई.

1669- मुगल बादशाह औरंगजेब ने सभी हिन्दू स्कूलों और मंदिरों को ध्वस्त करने का आदेश दिया.

1756- बंगाल के नवाब अली वर्दी खान का 80 वर्ष की आयु में निधन.

1838- लंदन में नेशनल आर्ट गैलरी खोली गई

1860- फ्रांसीसी आविष्कारक एडौर्ड-लियोन स्कॉट डी मार्टिनविले ने पहली बार मानव आवाज रेकार्ड की.

1893- हिंदी के प्रमुख साहित्यकारों में से एक राहुल सांकृत्यायन का जन्म। उन्हें महापंडित की उपाधि दी जाती है.

# फडणवीस को निशाना बनाने वाला गिरफ्तार

- एआई-जनरेटेड वीडियो बनाने का आरोप

**मुंबई, 8 अप्रैल. मुंबई पुलिस की साइबर सेल ने जालना से एक युवक को गिरफ्तार किया है, जिस पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को बदनाम करने वाला और पूर्व उपमुख्यमंत्री अजीत पवार से जुड़े विमान दुर्घटना के बारे में भ्रामक जानकारी फैलाने वाला एआई-जनरेटेड वीडियो बनाने एवं प्रसारित करने का आरोप है.**

अधिकारियों ने बुधवार को यहां बताया कि गिरफ्तारी के बाद आरोपी को स्थानीय अदालत में पेश किया गया, जिसने उसे 10 अप्रैल तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। पुलिस ने बताया कि उद्धव भगवान काप्से नामक युवक ने आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड किया था, जिसे डिलीट किए जाने से पहले लगभग 1.5 लाख बार देखा गया था। जांचकर्ताओं ने पाया कि वीडियो में मुख्यमंत्री फडणवीस को निशाना बनाते हुए भ्रामक एवं मानहानिकारक सामग्री डाली गई थी. साथ ही विमान दुर्घटना से संबंधित तथ्यों को भी गलत तरीके से प्रस्तुत किया गया था। आरोप है कि वीडियो में कई समाचार चैनलों के क्लिप को मिलाकर और कृत्रिम बुद्धिमत्ता उपकरणों का उपयोग करके एक भ्रामक कहानी गढ़ी गई थी.

> कथित तौर पर विवादास्पद बयान शामिल हैं और यह सीधे मुख्यमंत्री को निशाना बनाता है। 28 जनवरी को उपमुख्यमंत्री अजीत पवार एक सार्वजनिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मुंबई से बारामती जा रहे थे तभी बारामती हवाई अड्डे के पास लैंडिंग के दौरान उनका विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना में पवार और छह अन्य लोगों की मौत हो गई। इस घटना के बाद सोशल मीडिया पर कई वीडियो सामने आए, जिनसे संदेह एवं अटकलें लगने लगीं। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा दुर्घटना की जांच चल रही है। फरवरी में मुख्यमंत्री फडणवीस ने विधानसभा में कहा था कि अब तक के निष्कर्षों से किसी भी प्रकार की साजिश का संकेत नहीं मिला है.

## भारतीय युद्धपोत 'त्रिकंड' पहुंचा केन्या

**नई दिल्ली.** भारतीय नौसेना का फ्रंटलाइन गाइडेड प्रक्षेपास्त्र युद्धपोत 'त्रिकंड' केन्या में प्रवेश कर चुका है. यह भारतीय युद्धपोत केन्या के मोम्बासा बंदरगाह पर पहुंचा है. यहां भारत ने 100 राइफल और करीब 50 हजार गोलियां केन्या को दी हैं. भारत केन्याई रक्षा बलों को एमआरआई मशीन भी मुहैया कराएगा. दरअसल इस अत्याधुनिक युद्धपोत के केन्या आगमन का उद्देश्य भारत और केन्या के बीच समुद्री सहयोग को सुदृढ़ करना व दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूती प्रदान करना है. बुधवार को इस विषय में जानकारी देते हुए नौसेना ने बताया कि युद्धपोत 'त्रिकंड' दक्षिण-पश्चिम हिन्द महासागर क्षेत्र में अपनी ऑपरेशनल तैनाती के तहत यहां आया है.

# मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान के लिए चल रहे हैं महत्वपूर्ण परीक्षण

**बेंगलुरु, 8 अप्रैल. मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान के लिए जारी कई महत्वपूर्ण परीक्षणों के बीच अब यह मिशन घोषणाओं के दौर से निकलकर हकीकत बनने की दिशा में बढ़ रहा है।** इसरो प्रमुख वी नारायणन ने बताया कि इंसानों को अंतरिक्ष में भेजना सिर्फ रॉकेट लॉन्च करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक बेहद जटिल प्रक्रिया है। इसमें उड़ान से पहले की तैयारियों से लेकर वापसी तक की हर बारीकी पर नजर रखनी होती है। इसरो प्रमुख की टिप्पणी इस बात का संकेत देती है कि गैर-मानव मिशनों की तुलना में मानव मिशन के लिए सुरक्षा के मानक बहुत ऊंचे होते हैं। इसमें मशीनों और सॉफ्टवेयर के साथ-साथ इंसानी तालमेल को भी सटीक बनाना पड़ता है। गगनयान के रोडमैप में जल्दबाजी के बजाय सुरक्षा को प्राथमिकता दी गई है। अंतरिक्ष यात्रियों को भेजने से पहले इसरो कई गैर-मानव मिशन अंतरिक्ष में भेजेगा.



# हमें रिव्यू करने का अधिकार

- सबरीमाला केस में सुप्रीम कोर्ट की अहम टिप्पणी

**नई दिल्ली, 8 अप्रैल. सबरीमला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश को लेकर चल रही सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा बयान दिया है.**



कोर्ट ने साफ कहा कि वह धार्मिक प्रथाओं में अंधविश्वास है या नहीं, इसकी जांच करने का अधिकार रखता है और इस मामले में केवल संसद ही अंतिम फैसला नहीं कर सकती. सुप्रीम कोर्ट की एक बेंच, जिसकी अगुवाई न्यायमूर्ति सूर्यकांत कर रहे थे, कोई धार्मिक प्रथा अंधविश्वास है या नहीं. इसके बाद उस पर क्या कदम उठाना है, यह संसद का काम हो सकता है, लेकिन अदालत के अधिकार को नकारा नहीं जा सकता. यह टिप्पणी उस समय आई जब सबरीमला मंदिर में 10 से 50 साल की महिलाओं के प्रवेश पर रोक को लेकर बहस चल रही थी.

यह मामला महिलाओं के अधिकार और धार्मिक स्वतंत्रता के बीच संतुलन से जुड़ा है. कोर्ट ने अपने तर्क को समझाने के लिए सती प्रथा, जादू-टोना और नरभक्षण जैसे उदाहरण भी दिए और कहा कि अगर कोई प्रथा समाज को झकझोरती है.

# असम, केरल और पुडुचेरी में मतदान आज

**126** सीटों पर असम में डाले जाएगें वोट

**140** सीटों पर केरलम में होगा मतदान

**30** सीटों पर पुडुचेरी में होगा फैसला

गोवा, 08 अप्रैल. देश के अन्य हिस्सों में भी चुनावी प्रक्रिया अपने अंतिम चरण में पहुंच चुकी है. असम, केरल और पुडुचेरी में आज पहले चरण का मतदान होना है। इसके मद्देनजर मंगलवार शाम 5 बजे इन तीनों राज्यों में चुनाव प्रचार समाप्त हो गया. दूसरी ओर, देश के अन्य राज्यों में भी चुनावी गतिविधियां तेज हैं। असम, केरल और पुडुचेरी में आज एक ही चरण में मतदान होना है. जिसके चलते मंगलवार शाम 5 बजे चुनाव प्रचार समाप्त हो गया। चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार, मतदान से 48 घंटे पहले प्रचार बंद करना अनिवार्य होता है, ताकि मतदाता बिना किसी दबाव के अपने निर्णय ले सकें। अब सभी की नजरें आज को होने वाले मतदान और उसके परिणामों पर टिकी हैं, जो कई राज्यों के राजनीतिक भविष्य की दिशा तय करेंगे। असम, केरल और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए प्रचार अभियान थम चुका है. असम की 126 सीटों, केरलम की 140 सीटों और पुडुचेरी की 30 सीटों के लिए गुरुवार को अप्रैल को एक ही चरण में वोट डाले जाएंगे.

### बंगाल चुनावों के लिए एआई-आधारित होगी निगरानी

**कोलकाता.** चुनाव आयोग पश्चिम बंगाल में मतदान के लिए एक अनूठी सुरक्षा व्यवस्था तैयार कर रहा है जिसमें पर्याप्त केंद्रीय बलों के अलावा, सभी मतदान केंद्रों के संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त एआई-चालित वेबकैम लगाए जायेंगे, ताकि नियंत्रण कक्ष से गतिविधियों की निगरानी की जा सके। आयोग के सूत्रों ने बताया कि इस बार चुनावी मानदंडों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए मतदान केंद्रों के भीतर और बाहर कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित वेबकैम स्थापित करने की तैयारी है। जिन स्थानों पर अधिक सतर्कता की आवश्यकता है, वहां बूथ की परिधि के आसपास कई कैमरे लगाए जाएंगे। इन कैमरों से प्राप्त सीधा प्रसारण निरंतर निगरानी के लिए केंद्रीय नियंत्रण कक्ष को भेजा जाएगा.

# पीएम किसान की 23वीं किस्त से पहले नियम में बदलाव

**नई दिल्ली, 08 अप्रैल. प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से जुड़े करोड़ों किसानों के लिए बड़ा अपडेट सामने आया है. 23वीं किस्त से पहले सरकार नियमों में अहम बदलाव करने जा रही है, जिसके तहत अब किसान आईडी कार्ड अनिवार्य किया जा सकता है.**




सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि योजना का लाभ केवल पात्र किसानों तक ही पहुंचे और फर्जीवाड़े पर पूरी तरह रोक लगाई जा सके. ऐसे में जिन किसानों के पास यह डिजिटल पहचान नहीं होगी, उनके खाते में अगली 2000 रुपये की किस्त अटक सकती है। यह बदलाव कृषि क्षेत्र को डिजिटल बनाने और पारदर्शिता बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है. पात्र किसानों को ही मिले. अधिकारियों के बताया भविष्य में न केवल पीएम किसान की किस्त, बल्कि अन्य सरकारी सब्सिडी और योजनाओं का लाभ भी इसी किसान आईडी के माध्यम से दिया जा सकता है.

## साइबर ठग गिरोह का भंडाफोड़, 20 गिरफ्तार

**कानपुर.** उत्तर प्रदेश में कानपुर जिले के रेउना थाना क्षेत्र में पुलिस ने साइबर अपराध के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 20 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 16 स्मार्ट मोबाइल फोन, चार कीपैड फोन, 12 फर्जी आधार कार्ड, एक एटीएम कार्ड तथा 4,480 रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल ने बुधवार को यहां एक प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि अपर पुलिस आयुक्त (कानून-व्यवस्था) व अपर पुलिस आयुक्त (अपराध) के निर्देशन में डीसीपी दक्षिण और एसीपी घाटमपुर के नेतृत्व में रेउना थाना पुलिस, क्राइम ब्रांच व साइबर टीम ने संयुक्त कार्रवाई की.

# आतंक से जुड़े दो कर्मचारी बर्खास्त

**श्रीनगर, 8 अप्रैल.** जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बड़ा कदम उठाया है। आतंकवादी संगठनों से जुड़े होने के आरोप में दो सरकारी कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। यह कार्रवाई भारतीय संविधान के अनुच्छेद 311(2)(सी) के तहत की गई है, जो राष्ट्रीय सुरक्षा के मामलों में बिना विभागीय जांच के भी सेवा समाप्त करने की अनुमति देता है। अधिकारियों के मुताबिक, ये दोनों कर्मचारी हिज़बुल मुजाहिदीन और लश्कर-ए-तैयबा जैसे प्रतिबंधित संगठनों के लिए काम कर रहे थे। सरकार का कहना है कि यह कदम जीरो टॉलरेंस नीति के तहत उठाया गया है. जिसका उद्देश्य सरकारी तंत्र में घुसे आतंकवाद के नेटवर्क को खत्म करना है।

# संबंधों को मजबूत बनायेंगे भारत और बंगलादेश

**नई दिल्ली, 8 अप्रैल. भारत और बंगलादेश ने द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत बनाने की इच्छा दोहराते हुए साझेदारी की संभावना वाले क्षेत्रों का पता लगाने पर सहमति व्यक्त की है.**



भारत की यात्रा पर आये बंगलादेश के विदेश मंत्री डॉ. खलीलुर रहमान और विदेश मंत्री डा एस जयशंकर के बीच बुधवार को यहां हुई मुलाकात के दौरान यह सहमति बनी। डा जयशंकर ने वार्ता के बाद सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा कि उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों को विभिन्न आयामों में मजबूत करने पर चर्चा की. साथ ही क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। उन्होंने कहा कि आज दोपहर बंगलादेश के विदेश मंत्री खलीलुर रहमान और उनके प्रतिनिधिमंडल की मेजबानी कर खुशी हुई. हमने अपने द्विपक्षीय संबंधों को विभिन्न आयामों में मजबूत करने पर चर्चा की। साथ ही क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया और निकट संपर्क में बने रहने पर सहमति बनी. विदेश मंत्रालय ने बताया कि बैठक में बंगलादेश के विदेश मामलों के सलाहकार हुमायूं कबीर भी उपस्थित थे.

विदेश मंत्री ने बंगलादेश की नयी सरकार के साथ रचनात्मक रूप से जुड़ने और द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने की भारत की इच्छा को दोहराया. दोनों पक्षों ने संबंधित द्विपक्षीय तंत्रों के माध्यम से साझेदारी को और गहरा करने के प्रस्तावों की संभावनाओं का पता लगाने पर सहमति व्यक्त की.


**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड** IDFC FIRST Bank

(पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)
(CIN-L65110TN2014PLC097792)
रजिस्टर्ड ऑफिस : के आरएम टॉवर्स, 8वां तल, हेरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई-600031
फोन : +914445644000, फैक्स: +914445644022

**सार्वजनिक सूचना**
**स्वर्ण नीलामी सह निमंत्रण सूचना**

नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं और आम जनता को सूचित किया जाता है कि उक्त उधारकर्ताओं ने आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (बैंक) से सोने के आभूषण गिरवी रखकर ऋण लिया था और बार-बार याद दिलाने और नोटिस भेजने के बावजूद, वे निर्धारित समय के भीतर बकाया राशि का भुगतान करने में विफल रहे हैं। तदनुसार, बैंक अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए, बकाया राशि की वसूली के लिए 12/05/2026 से 14/05/2026 तक गिरवी रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी आयोजित करेगा। उधारकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि निरीक्षण/बोली की तिथि से पहले लागू ब्याज, शुल्क और खर्चों सहित पूरी बकाया राशि का भुगतान करने का यह अंतिम अवसर है, अन्यथा नियामक द्वारा दिए गए दिशानिर्देशों के अनुसार गिरवी रखे गए सोने के आभूषणों को नीलामी के माध्यम से बेच दिया जाएगा।

| ऋण खाता संख्या | ऋण लेने वाले का नाम | शाखा का नाम |
|---|---|---|
| 178419720 | वरूण गुजराती | जबलपुर विजय नगर |

नीलामी की स्थिति में यदि कोई अधिशेष राशि प्राप्त होती है, तो वह संबंधित उधारकर्ता को वापस कर दी जाएगी। नीलामी के बाद यदि कोई घाटा/कमी रह जाती है, तो शेष राशि उचित कानूनी कार्यवाही के माध्यम से उधारकर्ता से वसूल की जाएगी। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के किसी भी खाते को नीलामी से हटाने का अधिकार रखता है। इसके अलावा, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के, अपने विवेकानुसार नीलामी कार्यक्रम में संशोधन करने या उसे आगे की तिथि तक स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। नीलामी का आयोजन आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के सूचीबद्ध नीलामी सेवा प्रदाताओं, मेसर्स श्रीराम ऑटो मॉल इंडिया लिमिटेड द्वारा सुबह 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक भौतिक रूप से किया जाएगा। यदि ग्राहक की मृत्यु हो जाती है, तो नीलामी से संबंधित सभी शर्तें उनके नामित व्यक्ति/कानूनी उत्तराधिकारी पर लागू होंगी।

**नीलामी की शर्तें एवं नियम :**
1) संबंधित सोने के आभूषणों की बिक्री "जैसा है, जहाँ है", "जैसा है, जो है" और "जो भी उपलब्ध है" के आधार पर होगी।
2) इच्छुक बोलीदाताओं को बैंक के अधिकृत नीलामी सेवा प्रदाता के साथ पंजीकरण करना होगा और केवाईसी संबंधी आवश्यकताओं का पालन करना होगा।
3) बोली जमा करने से पहले आभूषणों और उनकी विशिष्टताओं का निरीक्षण करना और उनसे संतुष्ट होना बोलीदाताओं की जिम्मेदारी होगी। बोलीदाता शाखा प्रबंधक से परामर्श करके आभूषणों का निरीक्षण कर सकते हैं।
4) उच्चतम बोली बैंक के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा पुष्टि के अधीन होगी।
5) सफल बोलीदाता को निर्धारित समय के भीतर पूरी बिक्री राशि जमा करनी होगी, अन्यथा जमा की गई राशि जब्त कर ली जाएगी।
6) एक बार बेचे गए सोने के पाउच किसी भी परिस्थिति में विक्रेता को वापस नहीं किए जा सकते हैं और विजेता बोलीदाता/खरीददार द्वारा भौतिक रूप से सौंपे जाने के बाद विक्रेता किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।
7) बैंक के अधिकृत प्रतिनिधि को बिना किसी पूर्व सूचना या कारण बताए किसी भी बोली को स्वीकार/अस्वीकार करने या नीलामी को रद्द/स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित है।
8) बिक्री बैंक द्वारा पुष्टि के अधीन है।

दिनांक: 09.04.2026
स्थान: मध्यप्रदेश

एसडी/-
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी



**कार्यालय नगरपालिका परिषद् नरसिंहपुर, जिला-नरसिंहपुर (म.प्र.)**
(Subhash Ward, Narsinghpur Phone : 07792-230402 Email : cmonarsinghpur@mpurban.gov.in)
पत्र क्र.01/ई-टेण्डर/2026-27 — नरसिंहपुर, दिनांक : 02/04/2026

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली के पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | 2026_UAD_494906_1<br>02/04/2026 | REJUVENATION OF WATER BODY UNDER AMRUT 2.0 SCHEME AT NARSINGHPUR (Balance Work) | 06 माह (वर्षाकाल सहित) 4648000.00 | 5000.00<br>34860.00 | 21/04/2026 |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका परिषद् नरसिंहपुर



**कार्यालय मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद, जिला-सिवनी**
नगर पालिका चौराहा, एन.एच.7 मार्ग, जिला सिवनी (म.प्र.) 480661
Email Id: cmoseoni@mpurban.gov.in — Phone: 07692221301

क्रमांक/72/लो.नि.शा./न.पा.प. / 2026 — सिवनी, दिनांक:- 07/04/2026

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पालिका परिषद सिवनी द्वारा वार्षिक निविदा 2026-27 के अंतर्गत निर्माण एवं मरम्मत कार्य / सामग्री प्रदाय हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकदारों / सप्लायर्स से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा की विस्तृत विवरण बेबसाईट https://mptenders.gov.in/ पर देखा जा सकता है ।

| क्रं. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | प्रस्तावित निर्माण कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र शुल्क EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | 2026_UAD_498292 | नगरीय क्षेत्रान्तर्गत रोड, नाली एवं भवन मरम्मतीकरण से संबंधित आकस्मिक कार्य / निर्माण सामग्री प्रदाय एवं मजदूरी कार्य सहित | 300 दिवस<br>2500000 | 5000<br>12500 | 11/05/2026 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संसोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in/ बेबसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद सिवनी



**M.P. POWER GENERATING COMPANY LIMITED**
SIRMOUR, REWA (M.P.)

**NOTICE INVITING TENDER (THROUGH E-TENDERING PROCESS ONLY)**

M.P. Power Generating Co. Ltd. invites e-tenders from reputed firm/contractor/service provider/Joint ventures Manufacturer/Authorized Distributor/Authorized Dealer/Supplier for the following items: -

| Tender No. | Tender Particulars | Estimated cost in Rs.(inclusive of Taxes)/Tender cost in Rs./Period | EMD in Rs. | Date and time for closing of online submission | Date & time of e-opening of tender |
|---|---|---|---|---|---|
| 2026_MPPGC_496945_1 | Work contract for annual Overhauling of 2x15 MW, BHPS-II, MPPGCL, Silpara. | 26.35 Lakh/1000/- 40 days (20 days per unit) | 52,800/- | 27.04.2026 Up to 15:00 hrs | 29.04.2026 from 15:00 hrs. onwards |
| 2026_MPPGC_496946_1 | Work contract for annual Overhauling of 2x10 MW, BHPS-IV, MPPGCL, Jhinna. | 26.44 Lakh/1000/- 40 days (20 days per unit) | 52,900/- | 27.04.2026 Up to 15:00 hrs | 29.04.2026 from 15:00 hrs. onwards |
| 2026_MPPGC_489943_1 | Procurement, installation, testing & commissioning of one no. 250 KVA DG set along with complete accessories and mandatory spares at 3x20 MW, BHPS-III Deolond | 35.89 Lakh /1000/- 30 days | 71,800/- | 27.04.2026 Up to 15:00 hrs | 29.04.2026 from 15:00 hrs. onwards |

For further details of amendments/extensions/corrigendums etc. please visit website **https://mptenders.gov.in** in regularly. No separate information shall be published in print media for instant tender.

//SAVE ELECTRICITY//

(U.S. VERMA)
ADDL. CHIEF ENGINEER (THC)

M.P. Madhyam/125269/2026